भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1632
सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में विदेशियों के पसंदीदा पर्यटन स्थल

†1632. डॉ. सुभाष रामराव भामरेः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार को लक्ष्य को पूरा करने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है;

(ग) महाराष्ट्र में विदेशी पर्यटकों के पसंदीदा पर्यटन स्थलों का ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इन पर्यटन स्थलों में गुणवत्ता और अवसंरचना सुविधाओं में सुधार हेतु क्या प्रभावी कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान विशेषकर महाराष्ट्र में सुविधाओं और पर्यटन-हितैषी पहलों में सुधार के लिए कोई उपाय किए हैं और क्या केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र में पर्यटन हेतु व्यय किया है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2022 के दौरान भारत में विदेशी पर्यटकों की यात्राओं में 305.4% की वृद्धि के साथ महत्वपूर्ण रूप से इज़ाफा हुआ है । वर्ष 2020 से 2022 के दौरान भारत में विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीए) का विवरण निम्नानुसार हैः

| | 2020 | 2021 | 2022 (अ) |
|---|---|---|---|
| विदेशी पर्यटक यात्राएं (लाख में) | 2.74 | 1.52 | 6.19 |

अः अनंतिम; आप्रवासन ब्यूरो

कोविड-19 महामारी के दौरान विशेष रूप से वर्ष 2020 और 2021 के दौरान पर्यटन अर्थव्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई है ।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय पर्यटक यात्राओं के गंतव्य-वार आंकड़े नहीं रखता है । तथापि, वर्ष 2019, 2020 और 2021 के दौरान राज्य-वार विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है ।

पर्यटन अवसंरचना का विकास और उन्हे चिन्हित करना मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं अध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) और 'केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता नामक अपनी चल रही योजनाओं के अंतर्गत महाराष्ट्र सहित देश मे पर्यटन संबंधी अवसंरचना तथा सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वितीय सहायता प्रदान करता है ताकि आगंतुकों को नियोजित एवं चरणबद्ध तरीके से समृद्ध पर्यटन अनुभव प्रदान किया जा सके । यह एक सतत प्रक्रिया है । योजनाओं के तहत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

महाराष्ट्र राज्य मे स्वदेश दर्शन योजना, प्रशाद योजना और पर्यटन संबंधी अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध-II मे दिया गया है ।

(ड.) : पर्यटन मंत्रालय वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न भारतीय पर्यटन उत्पादों और देश के पर्यटन स्थलों का संवर्धन करने के लिए पर्यटन सृजक बाजारों में भारत का एक समग्र गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है ।

उपरोक्त उद्देश्यों को एक एकीकृत विपणन और प्रचार रणनीति, और यात्रा व्यापार, राज्य सरकारों तथा भारतीय मिशनों के सहयोग से एक समन्वित अभियान के माध्यम से पूरा किया जाता है । सरकार लगातार उद्योग विशेषज्ञों और अन्य संबद्ध हितधारकों के साथ सम्पर्क में रहती है और भारत के विभिन्न पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उनके सुझाव और प्रतिक्रिया मांगती है । यात्रा या आगमन में वृद्धि करने के लिए,पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने "इनक्रेडिबल इंडिया! विजिट इंडिया ईयर 2023" घोषित किया है ।

*****

अनुबंध-I

महाराष्ट्र में विदेशियों के पसंदीदा पर्यटन स्थल के संबंध में दिनांक 13.02.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1632 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में विवरण

वर्ष 2019, 2020 और 2021 के दौरान भारत में राज्य-वार विदेशी पर्यटक यात्राएं (एफटीवी)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | 2019 | 2020 | 2021 |
|---|---|---|---|---|
| | | एफटीवी | एफटीवी | एफटीवी |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 16206 | 5412 | 1687 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 280356 | 67591 | 27551 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 7825 | 961 | 182 |
| 4 | असम | 26878 | 7285 | 536 |
| 5 | बिहार | 1093141 | 308080 | 1046 |
| 6 | चंडीगढ़ | 44132 | 12218 | 5451 |
| 7 | छत्तीसगढ | 6817 | 2322 | 8 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 1666 | 222 | 80 |
| 9 | दमन और दीव | 5703 | 1382 | 105 |
| 10 | दिल्ली* | 2983436 | 681230 | 100178 |
| 11 | गोवा | 937113 | 302751 | 22128 |
| 12 | गुजरात | 595607 | 210047 | 11319 |
| 13 | हरियाणा | 48046 | 17474 | 4578 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 382876 | 42665 | 4932 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 57920 | 5317 | 1650 |
| 16 | झारखंड | 176043 | 490 | 1637 |
| 17 | कर्नाटक | 608754 | 165325 | 72487 |
| 18 | केरल | 1189771 | 340755 | 60487 |
| 19 | लक्षद्वीप | 820 | 413 | 4 |
| 20 | लद्दाख | 38652 | 1126 | 1054 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 327958 | 99819 | 41601 |
| 22 | महाराष्ट्र* | 5528704 | 1262409 | 185643 |
| 23 | मणिपुर | 13608 | 3139 | 648 |
| 24 | मेघालय | 25813 | 2311 | 411 |
| 25 | मिजोरम | 2249 | 265 | 234 |
| 26 | नागालैंड | 5577 | 518 | 325 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27 | ओडिशा | 115128 | 10206 | 2269 |
| 28 | पुदुचेरी | 149919 | 92080 | 321 |
| 29 | पंजाब | 1101343 | 359114 | 308135 |
| 30 | राजस्थान | 1605560 | 446457 | 34806 |
| 31 | सिक्किम | 133388 | 19935 | 11508 |
| 32 | तमिलनाडु | 6866327 | 1228323 | 57622 |
| 33 | तेलंगाना | 323326 | 46694 | 5917 |
| 34 | त्रिपुरा | 154405 | 31877 | 5 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 4745181 | 890932 | 44737 |
| 36 | उत्तराखंड | 152273 | 41339 | 8532 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 1656145 | 463285 | 34828 |
| | कुल | 31408666 | 7171769 | 1054642 |

स्रोतः राज्य/संघ राज्यक्षेत्र पर्यटन विभाग

*दिल्ली और महाराष्ट्र के लिए आंकड़ों का अनुमान उस वर्ष के अखिल भारतीय वृद्धि दर को उपयोग करते हुए लगाया गया है ।

*****

अनुबंध-।।

महाराष्ट्र में विदेशियों के पसंदीदा पर्यटन स्थल के संबंध में दिनांक 13.02.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1632 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

| क्र. सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | निर्मुक्त राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ 2015-16 | तटीय परिपथ सिंधुदुर्ग - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभाव का विकास | 19.06 | 18.11 |
| 2 | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी-अदासा-धापेवाड़ा-पारदसिंह-तेलनखंडी-गिराड का विकास | 53.96 | 32.04 |

प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | स्वीकृति का वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | निर्मुक्त राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | 2017-18 | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 52.92 | 27.67 |

पर्यटन संबंधी अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

| क्र. सं. | वर्ष | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | एजेंसी | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | निर्मुक्त राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2016-17 | महाराष्ट्र | पर्यटन स्थल के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 15.00 | 15.00 |
| 2 | 2017-18 | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 12.50 | 12.50 |
| 3 | 2021-22 | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 37.50 | 18.75 |

*****